# जलापूर्ति के लिए निगम का अमला 24 घंटे काम करें : कलेक्टर

## जल प्रदाय व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो निगम के जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध हो कार्रवाई

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

शहर में विगत कुछ दिनों से जल प्रदाय में परिलक्षित बाधा एवं व्यवस्था में सुधार के दृष्टिगत कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने एक विशेष बैठक नगर निगम तथा विद्युत वितरण कंपनी के साथ आयोजित की। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शहर में सुचारू जल प्रदाय व्यवस्था के लिए नगर निगम का अमला 24 घंटे कार्य करें, लोगों की समस्या शिकायत सुने। कलेक्टर ने चेतावनी दी कि यह बैठक अंतिम बैठक है यदि जल प्रदाय व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो फिर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। बैठक में निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री सुरेश वर्मा, नगर निगम के प्रभारी कार्यपालन यंत्री मोहम्मद हनीफ शेख, सहायक यंत्री श्री जे.एस.आचार्य आदि उपस्थित थे।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सुचारू जल प्रदाय के लिए शिकायत एवं समस्याओं की जानकारी तथा उनके निराकरण हेतु कॉल सेंटर स्थापित किया जाए। निगम का अमला सतत मॉनिटरिंग करते हुए प्रतिदिन देखें कि शहर की कौन सी टंकी में जलभराव किया गया है और कौन सी टंकी में पानी नहीं पहुंचा और क्यों नहीं पहुंचा। इस बाबत प्रभारी कार्यपालन यंत्री शेख को निर्देशित किया। सुचारू व्यवस्था के दृष्टिगत कलेक्टर द्वारा दो उपयंत्रियों भैयालाल चौधरी, सुहास पांडे को वैक्सीनेशन ड्यूटी से भी मुक्त कर दिया गया।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि निगम की जल वितरण व्यवस्था ठीक नहीं है उसको सुधारने के लिए प्लान करें। सिस्टम की खामियों को दूर करें प्रयास किया जाए कि लीकेजेस नहीं हो। बताया गया कि अभी 20-25 लीकेज प्रतिदिन सुधारा जा रहे हैं। कलेक्टर ने यह भी पूछा कि गंदा पानी क्यों आ रहा है, ड्रेनेज सिस्टम में गंदे जल के भराव को रोकने के इंतजाम किए जाएं। सतत जलापूर्ति के लिए बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु अधीक्षण यंत्री विद्युत को निर्देशित किया कि तीन-चार दिनों में जो भी मेंटेनेंस अथवा अन्य कार्य है उनको पूर्ण किया जाए।

बैठक में बताया गया कि नगर निगम के मोरवानी फिल्टर प्लांट की व्यवस्था को सुधारना आवश्यक है। विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री द्वारा बताया गया कि मोरवानी में 2 वैक्यूम सर्किट ब्रेकर बदले जाना है जिसकी वजह से निर्बाध विद्युत आपूर्ति धोलावाड़ तक संभव हो सकेगी। अभी मोरवानी में वेक्यूम सर्किट ब्रेकर पुराने हो जाने के कारण कोई भी फाल्ट आने पर धोलावाड़ तक विद्युत समस्या आती है जिसके निराकरण के लिए नवीन वेक्यूम सर्किट ब्रेकर लगाए जाएं। कलेक्टर द्वारा निगमायुक्त को तत्काल नवीन सर्किट ब्रेकर क्रय करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर में अधीक्षण यंत्री से कहा कि विगत 14 जून से लेकर 18 जुलाई तक 18 बार विद्युत ट्रिपिंग देखने में आई है। अधीक्षण यंत्री उक्त समस्या का तत्काल निराकरण करें ताकि जल आपूर्ति में बाधा नहीं आए।



## पेयजल टंकी निर्माण में गड़बड़ी की जांच के कलेक्टर ने दिए आदेश

### जिला पंचायत सीईओ जांच हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने सैलाना जनपद पंचायत के ग्राम नारायणगढ़ में निर्मित पेयजल टंकी निर्माण में गड़बड़ी की शिकायत पर जांच के आदेश दिए हैं। शिकायत की जांच हेतु जिला पंचायत सीईओ श्रीमती मीनाक्षी सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जनपद पंचायत सैलाना के ग्राम नारायणगढ़ के नागरिकों द्वारा शिकायत की गई थी कि ग्राम पंचायत नारायणगढ़ में निर्मित पेयजल टंकी के निर्माण हेतु 75 लाख की स्वीकृति लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा दी गई थी। इसका री-स्टीमेट तैयार कर 50 लाख रुपए अतिरिक्त राशि बिना टेंडर प्रक्रिया का पालन करते हुए बालाजी एजेंसी को दी गई तथा इसमें भ्रष्टाचार किया गया। कलेक्टर द्वारा इस पर कार्रवाई करते हुए जिला पंचायत सीईओ को एक सप्ताह में शिकायत की जांच कर स्पष्ट अभिमत सहित जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

प्रसारण

प्रसारण 21/7/21

# आवारा मवेशियों एवं आवारा श्वानों की धरपकड़ की जाए

**रतलाम ।** नगर पालिक निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के नाम ज्ञापन रतलाम जिला पिछड़ा वर्ग कांग्रेस कमेटी द्वारा ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में मांग की गई है कि दीनदयाल नगर, टाटानगर, बाजना बस स्टैंड, श्रीनगर, अमृत सागर तालाब व आसपास के क्षेत्रों में काफी आवारा मवेशी एवं आवारा श्वान (कुत्ते) विचरण कर रहे हैं। जिससे कि उक्त क्षेत्र के रहने वाले नागरिकों एवं आवागमन करने वाले पैदल और दुपहिया चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त क्षेत्र में आवारा श्वानों की वजह से कई बार वाहन दुर्घटनाएं भी घटित हो चुकी है। उक्त क्षेत्र की गलियों में खेलने वाले छोटे बच्चे भी इन आवारा श्वानों (कुत्तों) की वजह से खेलने से डरते हैं। रतलाम जिला पिछड़ा वर्ग कांग्रेस कमेटी ने ज्ञापन के माध्यम से मांग करती है कि इन आवारा श्वानों (कुत्तों) को पकड़ कर उन्हें सुरक्षित जंगलों में छोड़ा जाए।

# आवारा मवेशियों एवं श्वानों की धरपकड़ की जाए

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

नगर पालिक निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के नाम जिला पिछड़ा वर्ग कांग्रेस कमेटी द्वारा ज्ञापन दिया गया। अध्यक्ष गोपाल चंदवाड़िया ने बताया कि ज्ञापन में मांग की गई है कि दीनदयाल नगर, टाटानगर, बाजना बस स्टैंड, श्रीनगर, अमृत सागर तालाब व आसपास के क्षेत्रों

# ईद उज जुहा का पर्व आज परंपरागत तरीके से मनाया जाएगा

**प्रसारण न्यूज़** * रतलाम

ईद उज जुहा का पर्व कल 21 जुलाई बुधवार को परंपरागत तरीके से कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए पूरे देश के साथ-साथ रतलाम में भी मनाया जाएगा। चीफ काजी सैयद आसिफ अली ने बताया की ईद ईद उज जुहा का पर्व परंपरागत तरीके से मनाया जाएगा।

कोरोना के कारण इस वर्ष लगातार दूसरे वर्ष भी ईद की नमाज दोनों ईदगाहो लकड़पीठा और ऊकाला रोड पर अदा नहीं की जाएगी। मस्जिदों में कोरोना गाईड लाइन का पालन करते हुए प्रातः 9 बजे तक नमाज अदा की जाएगी। कोरोना के चलते ईद पर होने वाले सभी कार्यक्रम और ईद मिलन समारोह निरस्त रहेंगे। चीफ काजी सैयद आसिफ अली ने बताया की यह दूसरी बार ऐसा हो रहा है की ईदगाहों में ईद की नमाज अदा नहीं की जा रही है। इससे पहले लगभग 100 वर्ष पूर्व 1919 और 20 में भी कालाज़ार बुखार की महामारी फैली थी जिसके चलते ईद की नमाज ईदगाह में निरस्त रही थी और इस बार भी लगातार दूसरे साल ईद उल फितर और ईद उल अजहा की नमाजे ईदगाह में अदा नहीं की जा सकी है।

समाज जन अपने घरों में रहकर ही ईद की बधाई मोबाइल के द्वारा एक दूसरे को देंगे और सामाजिक दूरी बनी बनाए रखेंगे। नमाज के पश्चात कोरोना के खात्मे में के लिए पूरे जिले में और देश में दुआ की जाएगी।

प्रसारण

प्रसारण 21/7/21

# 'रतलाम शहर का काम कमजोर'

**रतलाम, नप्र।** आयुष्मान कार्ड बनाने का काम शहर में तो बहुत ही ढीला है। सैलाना और बाजना जनपद का कामकाज भी ठीक नहीं है। जिले की पिपलौदा जनपद पंचायत फिलहाल सबसे आगे हैं। 92 प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं।

समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम को आयुष्मान कार्ड बनाए जाने में रतलाम शहर का काम रास नहीं आया। शहर का कामकाज कमजोर होने पर चिंता जताते हुए नगर निगम आयुक्त, शहर एसडीएम और महिला बाल विकास अधिकारी से कहा कि शहर में कार्ड बनाने की प्रगति में सुधार लाने की कोशिश करें। साथ मिलकर ऐसा काम करें कि रोजाना कम से कम एक हजार कार्ड बनाए जाएं। नगर निगम आयुक्त को शहर में कार्ड बनाए जाने के लिए केन्द्रों की संख्या बढ़ाए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि खासतौर पर उन वार्डों में फोकस करने को कहा जहां बड़ी संख्या में पात्र लोग रहते हो।

कलेक्टर ने इस मामले में खासतौर पर जनपद सैलाना तथा बाजना को परफॉर्मेंस सुधारने के निर्देश दिए। बैठक में संकल्प से सिद्धि अभियान की समीक्षा में बताया गया कि जिले में 137 पात्रलोगों को ऋण राशि वितरित की जा चुकी है। पुराने लक्ष्य में 245 में से 37 को वितरण किया है।

## आयुष्मान कार्ड जल्द बनाएं- कलेक्टर

योजना में स्ट्रीट वेंडर को ऋण राशि उपलब्ध कराई जा रही है। कलेक्टर ने प्रगति लाने के लिए सीईओ जिला पंचायत को बैंकर्स की बैठक लेने के निर्देश दिए।

**किल कोरोना सर्वे जारी रहे-** जिले में किल कोरोना सर्वे सतत् जारी रखने के निर्देश देते हुए कलेक्टर ने कहा कि केरल तथा महाराष्ट्र से आने वाले लोगों की मॉनिटरिंग की जाना है। उन प्रदेशों में कोरोना के ज्यादा मामले देखने में आ रहे हैं। मास्क का उपयोग नहीं करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई सतत जारी रखने को कहा। कलेक्टर ने कहा कि लोगों को यह याद कराना भी जरूरी है कि कोरोना अभी गया नहीं है। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि जारी मौसम में कई तरह की बीमारियां पैदा होने की संभावना हो सकती है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के अलावा राजस्व विभाग का मैदानी अमला निगाह रखें, यदि कहीं बीमारियां दिखती है तो सूचित करें।

कलेक्टर ने शासन की कोविड बाल कल्याण योजना की समीक्षा की। बताया कि जिले में योजना के तहत 37 बच्चों को सूचीबद्ध किया है। निर्देश दिए कि सभी 37 बच्चों का डेटाबेस तैयार करें। हर बच्चे की फाइल बने। विभाग का परियोजना अधिकारी नियमित रूप से बच्चों की मदद एवं सुविधा के लिए मानिटरिंग करें।

**सतत बिजली मिलती रहे-कलेक्टर** ने विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री वर्मा को निर्देशित किया कि रतलाम शहर में बिजली की सतत आपूर्ति तय करें। पिछले कुछ दिनों में विद्युत उपलब्धता में बाधा के कारण शहर में जलापूर्ति में व्यवधान देखने में आया है। निगमायुक्त ने बताया कि बिजली जाने से शहर में जलापूर्ति में कई बार बाधा का सामना करना पड़ा है। बैठक में सीईओ जिला पंचायत मीनाक्षीसिंह, अपर कलेक्टर जमुना भिडे, एसडीएम एम.एल.आर्य, अभिषेक गेहलोत, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## राशन गड़बड़ी पर एसडीएम सीधे जिम्मेदार

रतलाम। राशन की उचित मूल्य दुकानों पर राशन की कालाबाजारी नहीं हो इस बात का खासतौर पर ध्यान रखा जाए। राशन दुकान से किसी भी तरह की शिकायत आने पर संबंधित एसडीएम इसके लिए सीधे जिम्मेदार रहेंगे। किसी दुकान पर कालाबाजारी की जाती है तो संबंधित लोगों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी जिसमें आरोपी को सीधे जेल भेजा जाता है। अब तक जिले में ऐसे दो लोगोंके खिलाफ कार्रवाई की गई है। कलेक्टर ने कहा कि आगामी 31 जुलाई के पहले जिले के हर जनपद पंचायत में एक रोजगार मेले का आयोजन किया जाना है। इसके अलावा जिला स्तर पर भी बड़े पैमाने पर रोजगार मेला आयोजित होगा।

शहर की बिगड़ी पेयजल व्यवस्था पर कलेक्टर ने लगाई जिम्मेदारों को फटकार

# कलेक्टर बोले यह अंतिम बैठक, व्यवस्था नहीं सुधरी तो होगी कार्रवाई, जलापूर्ति के लिए 24 घंटे काम करें

खबर का असर



प्रकाशित खबर।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रतलाम.** मानसून के दौरान शहर में बिगड़ी पेयजल व्यवस्था को लेकर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने नाराजगी जताई है। कलेक्टर ने मंगलवार को नगर निगम और बिजली कंपनी के अधिकारियों को तलब किया। उन्होंने निर्देश दिए कि शहर में सुचारू जल प्रदाय व्यवस्था के लिए नगर निगम का अमला 24 घंटे कार्य करें, लोगों की समस्या और शिकायत सुने। कलेक्टर ने चेतावनी भी दी कि यह बैठक अंतिम है, यदि जल प्रदाय व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो फिर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।



कलेक्टर ने निर्देश दिए सुचारू जल प्रदाय के लिए शिकायत एवं समस्याओं की जानकारी तथा उनके निराकरण के लिए कॉल सेंटर स्थापित किया जाए। सतत मॉनिटरिंग करते हुए प्रतिदिन देखें कि कौन सी टंकी में जलभराव किया है और कौन सी टंकी में पानी नहीं पहुंचा। इस बाबत प्रभारी कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया। दो उपयंत्री भैयालाल चौधरी, सुहास पांडे को वैक्सीनेशन ड्यूटी से भी मुक्त कर दिया गया।

खबर का असर

## क्यों आ रहा है गंदा पानी

कलेक्टर ने कहा कि निगम की जल वितरण व्यवस्था ठीक नहीं है, सुधारने के लिए प्लान करें। बताया गया अभी 20-25 लीकेज प्रतिदिन सुधारे जा रहे हैं। कलेक्टर ने यह भी पूछा कि गंदा पानी क्यों आ रहा है, ड्रेनेज सिस्टम में गंदे जल के भराव को रोकने के इंतजाम किए जाएं।

## वैक्यूम सर्किट ब्रेकर बदले जाना है

कलेक्टर ने सतत जलापूर्ति के लिए बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए अधीक्षण यंत्री विद्युत को निर्देशित किया कि तीन-चार दिनों में जो भी मेंटेनेंस और अन्य कार्य है, उनको पूर्ण किया जाए। बैठक में बताया गया कि नगर निगम के मोरवानी फिल्टर प्लांट की व्यवस्था को सुधारना आवश्यक है। विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री द्वारा बताया गया कि मोरवानी में 2 वैक्यूम सर्किट ब्रेकर बदले जाना है जिसकी वजह से निर्बाध विद्युत आपूर्ति धोलावाड़ तक संभव हो सकेगी।

## 18 बार विद्युत ट्रिपिंग देखने में आई

अभी मोरवानी में वेक्यूम सर्किट ब्रेकर पुराने हो जाने के कारण कोई भी फाल्ट आने पर धोलावाड़ तक विद्युत समस्या आती है जिसके निराकरण के लिए नवीन वेक्यूम सर्किट ब्रेकर लगाए जाएं। कलेक्टर द्वारा निगमायुक्त को तत्काल नवीन सर्किट ब्रेकर क्रय करने के निर्देश दिए गए। अधीक्षण यंत्री से कहा कि विगत 14 जून से लेकर 18 जुलाई तक 18 बार विद्युत ट्रिपिंग देखने में आई है। अधीक्षण यंत्री उक्त समस्या का तत्काल निराकरण करें ताकि जल आपूर्ति में बाधा नहीं आए।

## सीएम ने कहा था जुलाई से प्रतिदिन पेयजल मिलेगा

**रतलाम.** शहर में 5 फरवरी को आए मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा था की जुलाई से शहर में प्रतिदिन पेयजल दिया जाएगा, बदले में जुलाई माह में शहर में शुद्ध पेयजल का इंतजार कर रहे आमजन को बिजली की कमी का बहाना बनाकर पानी का संकट निगम ने खड़ा कर दिया है। जवाहर नगर, श्रीमाली वास सहित कई क्षेत्र में छह दिन से पेयजल की एक बुंद नहीं आई है। आमजन गुस्से में है व अधिकारी बैठक कर मानसून में भी कोरा आश्वासन दे रहे है।

शहर में प्रतिवर्ष मानसून की शुरुआत होते ही पेयजल मटमैला आता है। इसके लिए नगर निगम हर बार रटारटाया जवाब देता है कि बारिश में पानी के साथ मिट्टी उपर आ जाती है जो नल के साथ आती है। हालांकि इस बात का जवाब नहीं देते है कि जब लाखों रुपए मोरवानी से लेकर धोलावाड़ तक पानी को साफ करने के लिए प्रतिमाह व्यय हो रहे है तो फिर मिट्टी किस तरह से आती है।

### इधर छह दिन से टैंकर तक नहीं भेजा

शहर के जवाहर नगर, लक्ष्मणपुरा, अलकापुरी, सनसिटी, ग्लोबस कॉलोनी, कस्तुरबा नगर, श्रीमाली वास, नजरबाग सहित कई क्षेत्र में छह दिन से पेयजल नल में नहीं आया है। इन क्षेत्र में टैंकर तक नहीं भेजे गए है। सबसे अधिक समस्या श्रमिक बस्ती जवाहर नगर में आ रही है। यहां पर लोगों के बर्तन तक खाली हो गए है।

### जल्दी होगी शुरुआत

शहर में नियमित पेयजल देने की योजना पर काम चल रहा है। जल्दी ही इसकी शुरुआत होगी। मटमैला पानी भी आना बंद होगा। - **सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

### सीएम की घोषणा भूले

इधर नगर निगम के जल विभाग के पूर्व एमआईसी प्रभारी पवन सोमानी ने निगम प्रशासक को पत्र लिखा है। इसमे शहर में वितरीत हो रहे मटमैले जल के साथ साथ सीएम के 5 फरवरी के दौरे के समय प्रतिदिन पेयलज जुलाई माह से देने की बात का उल्लेख है। इसमे बताया गया है कि दिसंबर 2020 में कस्तुरबा नगर की टंकी व संपवेल से प्रतिदिन पेयलन देना शुरू तो किया, लेकिन 45 मिनट के बजाए अब 15 से 20 मिनट वितरण हो रहा है। धोलवाड़ में पर्याप्त पेयजल होने के बाद भी समस्या कायम है।

पत्रिका 21/7/21

# 15 उचित मूल्य की दुकानों बने आयुष्मान कार्ड, अब तक 3557 आयुष्मान कार्ड बनाये

रतलाम । कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार आयुष्मान भारत ''निरामयम'' योजना अन्तर्गत नगरीय क्षेत्र रतलाम के शेष रहे पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड वार्डो की उचित मूल्य की दुकानों पर बनाये जा रहे हैं।

उचित मूल्य की दुकानों पर शिविर आयोजित कर पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य के तहत 20 जुलाई मंगलवार को विश्वकर्मा महिला प्राथमिक उपभोक्ता भण्डार त्रिलोक नगर, जवाहर महिला प्राथमिक उपभोक्ता भण्डार अलकापुरी, डिम्पल महिला प्राथमिक उपभोक्ता भण्डार नयागांव, ऑल इंडिया प्राथमिक उपभोक्ता भण्डार जवाहर नगर, श्री कृष्णा महिला प्राथमिक उपभोक्ता भण्डार सखवाल नगर, बालाजी प्राथमिक उपभोक्ता भण्डार शहर सराय, हरिओम प्राथमिक उपभोक्ता भण्डार राजेन्द्र नगर, महर्षि प्राथमिक प्राथमिक उपभोक्ता भण्डार बाजना बस स्टैण्ड, श्री माँ प्राथमिक उपभोक्ता भण्डार अमृत सागर, गायत्री प्राथमिक उपभोक्ता भण्डार राजेन्द्र नगर, वैष्णोदेवी प्राथमिक उपभोक्ता भण्डार भगतपुरी रामगढ़, दीपाली प्राथमिक उपभोक्ता भण्डार दिलीप नगर, विश्वास महिला प्राथमिक उपभोक्ता भण्डार फ्रीगंज, मरियम प्राथमिक उपभोक्ता भण्डार जावरा रोड व विनायक महिला प्राथमिक उपभोक्ता भण्डार स्टेडियम मार्केट पर पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जायेंगे।

वार्ड क्रमांक 1 में सागर प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्यादित 61, रिटायर्ड कालोनी अटैच दुकान विनोबा महिला प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार, वार्ड क्रमांक 2 में घनश्याम प्राथमिक उपभोक्ता भण्डार मर्यादित लक्ष्मणपुरा, वार्ड क्रमांक 3 में पुजा महिला प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्यादित जवाहर नगर अटैच दुकान शीतल महिला प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्यादित व वार्ड क्रमांक 4 में इंदिरा महिला प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्यादित इन्द्रलोक नगर की उचित मूल्य की दुकानों पर 14 जुलाई बुधवार को 199, 15 जुलाई को 236, 16 जुलाई को 204, 17 जुलाई को 8, 18 जुलाई को 215 व 19 जुलाई को 152 कार्ड बनाये गये।

स्वतंत्र लेखन 21/7/21

## कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# आयुष्मान कार्ड बनाने में पिपलौदा जनपद सबसे आगे, बाजना-सैलाना जनपद परफारमेंस सुधारें

प्रसारण न्यूज • रतलाम

जिले में आयुष्मान कार्ड बनाने में जनपद पंचायत पिपलौदा सबसे आगे है। यहां 92 प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं जबकि इस मामले में खासतौर पर जनपद सैलाना तथा बाजना को परफार्मेंस सुधारने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम सोमवार को समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में योजनाओं, कार्यक्रमों की प्रगति से अवगत हुए। सीईओ जिला पंचायत श्रीमती मीनाक्षीसिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, एसडीएम एम.एल. आर्य, अभिषेक गहलोत, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया आदि अधिकारी उपस्थित थे।

रतलाम शहर में आयुष्मान कार्ड निर्माण की कमजोर प्रगति पर कलेक्टर ने चिंता व्यक्त करते हुए निगम आयुक्त, शहर एसडीएम तथा महिला बाल विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि वे संयुक्त प्रयासों द्वारा शहर में कार्ड बनाने की प्रगति में सुधार लाएं। कम से कम 1 हजार कार्ड रोजाना बनाए जाएं। कलेक्टर ने समीक्षा में पाया कि रतलाम जनपद पंचायत क्षेत्र में भी आयुष्मान कार्ड बनाने के मामले में ठीक कार्य हुआ है। कलेक्टर द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सहायक के रोल को महत्वपूर्ण मानते हुए उनकी आईडी बनाने के निर्देश दिए ताकि ज्यादा से ज्यादा आयुष्मान कार्ड बन सकें। कलेक्टर ने रतलाम शहर में आयुष्मान कार्ड निर्माण प्रगति के लिए उन वार्ड पर फोकस करने के निर्देश दिए जहां ज्यादा संख्या में पात्र व्यक्ति निवासरत हैं। निगमायुक्त को शहर में कार्ड निर्माण केंद्रों की संख्या में वृद्धि के लिए निर्देशित किया।

बैठक में संकल्प से सिद्धि अभियान की समीक्षा में बताया गया कि जिले में 137 हितग्राहियों को ऋण राशि वितरित की जा चुकी है। पुराने लक्ष्य में 245 में से 37 को वितरण किया गया, नए लक्ष्य में 94 हितग्राहियों को वितरित किया जा चुका है। योजना में स्ट्रीट वेंडर को ऋण राशि उपलब्ध कराई जा रही है। कलेक्टर ने प्रगति लाने के लिए सीईओ जिला पंचायत को बैंकर्स की बैठक लेने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जारी मौसम में कई बीमारियां उत्पन्न होने की संभावना हो सकती है। स्वास्थ्य विभाग के अलावा राजस्व विभाग का मैदानी अमला निगाह रखते हुए यदि कहीं बीमारियां दिखती है तो सूचित करें।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आगामी 31 जुलाई के पूर्व जिले के प्रत्येक जनपद पंचायत में एक रोजगार मेले का आयोजन किया जाना है। इसके अलावा जिला स्तर पर वृहद रोजगार मेला आयोजित होगा। आईटीआई के प्राचार्य तथा महाप्रबंधक उद्योग को निर्देशित किया कि वे अधिकाधिक उद्योगों से चर्चा करके ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का प्रयास करें।



### किल कोरोना सर्वे जारी रहे

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले में किल कोरोना सर्वे सतत जारी रहे। केरल तथा महाराष्ट्र से आने वाले व्यक्तियों की मॉनिटरिंग की जाना है। उन प्रदेशों में कोरोना के ज्यादा मामले देखने में आ रहे हैं। मास्क का उपयोग नहीं करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई सतत जारी रखने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि लोगों को स्मरण कराना आवश्यक है कि कोरोना अभी गया नहीं है। कोरोना प्रोटोकॉल का शादी, ब्याह में पालन नहीं होने संबंधित आयोजक के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री श्री वर्मा को निर्देशित किया कि रतलाम शहर में बिजली की सतत आपूर्ति सुनिश्चित करें। पिछले कुछ दिनों में विद्युत उपलब्धता में बाधा के कारण शहर में जलापूर्ति में व्यवधान देखने में आया है। निगमायुक्त ने बताया कि बिजली जाने से शहर में जलापूर्ति में कई बार बाधा का सामना करना पड़ा है।

### टॉवर निर्माण एनओसी 3 दिन में जारी करें

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि विभिन्न दूरसंचार कंपनियों द्वारा टावर निर्माण के लिए आवेदन किए जाते हैं। निजी भूमि पर अनुमति के लिए 3 दिन में एनओसी संबंधित विभाग जारी करें। इसके अलावा रजिस्टर ऑफिस में अनुबंध का पंजीयन शुल्क भी जमा हो जाए। इसके लिए दस्तावेज रजिस्ट्रार ऑफिस को उपलब्ध कराएं। कलेक्टर ने शासन की कोविड बाल कल्याण योजना की समीक्षा की। बताया गया कि जिले में योजना के तहत 37 बच्चों को सूचीबद्ध किया गया है। कलेक्टर ने महिला बाल विकास अधिकारी श्री रजनीश सिन्हा को निर्देश दिए कि सभी 37 बच्चों का डेटाबेस तैयार करें, प्रत्येक बच्चे की फाइल बने। विभाग का परियोजना अधिकारी नियमित रूप से बच्चों की मदद एवं सुविधा हेतु मानिटरिंग करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि उचित मूल्य दुकानों पर राशन में कालाबाजारी नहीं हो या सुनिश्चित किया जाए, किसी भी प्रकार की शिकायत आने पर संबंधित एसडीएम सीधे जिम्मेदार रहेंगे। किसी दुकान पर कालाबाजारी की जाती है तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी जिसमें आरोपी को सीधे जेल भेजा जाता है। अब तक जिले में ऐसे दो व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है।

### सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा

कलेक्टर द्वारा बैठक में सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के निवारण की समीक्षा भी की गई। जिन विभागों द्वारा शिकायतों को अटेंड नहीं किया गया है उनके विरुद्ध कलेक्टर द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, इससे मैदानी क्षेत्रों में आम लोगों की समस्याओं का निराकरण होता है।

प्रसारण

प्रसारण। 21/7/21

## वैक्सीनेशन 22 जुलाई को किया जाएगा

**रतलाम।** जिले में कोविड संबंधी आगामी वैक्सीनेशन गुरुवार 22 जुलाई 2021 को किया जाएगा। 22 जुलाई गुरुवार को आयोजित होने वाले कोविड-19 वैक्सीनेशन के लिए शहरी क्षेत्र रतलाम के हितग्राहियों के लिए ऑनलाइन प्रि स्लॉट बुकिंग के लिए साइट 21 जुलाई बुधवार को सुबह 9:00 बजे से खोली जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर प्रभाकर ननावरे ने बताया कि गुरुवार को कोविशिल्ड के प्रथम डोज़ वैक्सीनेशन के लिए ऑनलाइन प्रि स्लॉट बुकिंग के लिए https://selfregistration.cowin.gov.in/ लिंक पर क्लिक करके बुकिंग की जा सकेगी।

प्रसारण 21/7/21

## टीकाकरण कल होगा

रतलाम ● मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर प्रभाकर ननावरे ने बताया कि रतलाम जिले में कोविड संबंधी आगामी टीकाकरण गुरुवार 22 जुलाई को किया जाएगा। 22 जुलाई गुरुवार को आयोजित होने वाले कोविड-19 टीकाकरण के लिए शहरी क्षेत्र रतलाम के हितग्राहियों के लिए ऑनलाइन प्रि स्लॉट बुकिंग के लिए साइट 21 जुलाई बुधवार को सुबह 9 बजे से खोली जाएगी।

स्वदेश 21/7/21

## वैक्सीनेशन 22 को, प्री-स्लॉट बुकिंग आज

रतलाम. जिले में कोविड संबंधी आगामी वैक्सीनेशन गुरुवार 22 जुलाई को किया जाएगा। इस दिन आयोजित होने वाले कोविड-19 वैक्सीनेशन के लिए शहरी क्षेत्र रतलाम के हितग्राहियों के लिए ऑनलाइन प्रि स्लॉट बुकिंग के लिए साइट 21 जुलाई बुधवार को सुबह 9 बजे से खोली जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि गुरुवार को कोविशिल्ड के प्रथम डोज़ वैक्सीनेशन के लिए ऑनलाइन प्रि स्लॉट बुकिंग के लिए लिंक पर क्लिक करके बुकिंग की जा सकेगी।

पत्रिका 21/7/21

## वैक्सीनेशन कल होगा

रतलाम। जिले में कोविड संबंधी आगामी वैक्सीनेशन गुरुवार को किया जाएगा। गुरुवार को आयोजित होने वाले कोविड-19 वैक्सीनेशन के लिए शहरी क्षेत्र रतलाम के हितग्राहियों के लिए ऑनलाइन प्रि स्लॉट बुकिंग के लिए साइट बुधवार को सुबह 9 बजे से खोली जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर प्रभाकर ननावरे ने बताया कि गुरुवार को कोविशिल्ड के प्रथम डोज वैक्सीनेशन के लिए ऑनलाइन प्रि स्लॉट बुकिंग के लिए https://selfregistration.cowin.gov.in/ लिंक पर क्लिक करके बुकिंग की जा सकेगी।

नवभारत 21/7/21



# जलप्रदाय विभाग के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाए-सोमानी

नगर निगम जलप्रदाय कमेटी के पूर्व चेयरमैन रहे पवन सोमानी ने कलेक्टर एवं प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम से मिलकर रतलाम के गंभीर जलसंकट को लेकर मुलाकात की तथा बताया कि करोड़ों रुपया खर्च होने के बाद भी शहर की जल समस्या यथावत है। सम्पूर्ण शहर धोलावाड़ जलप्रदाय से वंचित है, इसका क्या कारण है ? जो लोग इसके लिए जिम्मेदार है और जिन्हें जलप्रदाय विभाग की जिम्मेदारी दी गई है उनकी जिम्मेदारी तय की जाए कि आखिर क्या कारण है कि इतनी राशि ... होने एवं संसाधन जुटाने के बाद भी जलसंकट कायम है और सम्पूर्ण रुप से शहरवासियों को पानी क्यों नहीं मिल रहा है, जबकि मुख्यमंत्री ने रतलाम प्रवास के दौरान नागरिकों को दोनों समय जलप्रदाय किए जाने का आश्वासन दिया था। श्री सोमानी ने कलेक्टर को दिए पत्र में बताया कि धोलावाड़ डेम से पचास लाख गेलन पानी प्रतिदिन प्राप्त हो रहा है, जिससे शहर के पटरी पार सहित अन्य क्षेत्रों में जल वितरण किया जा रहा है। 2012 में मुख्यमंत्री शहरी योजना के अंतर्गत शहर के 165 कि.मी. पाईप लाईन का प्रस्ताव पारित कर शासन को प्रेषित किया था, जिसकी मंजुरी 2015 में प्राप्त होकर सम्पूर्ण शहर में पाईप लाईन बिछाई गई,लेकिन ठेकेदार ने निविदा शर्तों का पालन न करते हुए सीमित संसाधनों से कार्य किया, जो निम्न स्तर का होकर जगह-जगह लिकेज की समस्या उत्पन्न कर रहा है। श्री सोमानी ने बताया कि इसी कारण मटमेला एवं कम प्रेशर की शिकायत निरंतर मिल रही है। पाईप लाईन टूटना, बिजली समस्या, वाल लिकेज जैसी छोटी समस्या के कारण अक्सर जलप्रदाय बाधित रहता है।

जलसमस्या का गंभीर संकट बना हुआ है। गंगासागर योजना के बाद धोलावाड़ परियोजना के आने के बाद लोगों को उम्मीद थी कि अब लोगों को पर्याप्त पानी मिल सकेगा और घर-घर में नल लगेंगे और सभी क्षेत्रों में पाइप लाइन बिछेगी। करोड़ों रुपया जलयोजना पर खर्च हुआ, लेकिन पानी का संकट बरकरार है।

चंदकॉलोनियों और मोहल्लों में ही लोगों के नलों में पानी आ रहा है, लेकिन वह भी कम दबाव से। शहर की अधिकांश पाइप लाइने नालियों से होकर गुजर रही है,कई जगह टूट-फूट होने से नालियों का गंदा पानी सप्लाय हो रहा है। धोलावाड़ जलप्रदाय केंद्र से लगाकर रतलाम शहर तक कई स्थानों पर पाइप लाइन लिकेज है। कहते हैं किसान सिंचाई के लिए पाइप लाइन को फोड़ देते हैं। कभी-कभी नगर निगम विद्युत प्रदाय के कारण जलप्रदाय व्यवस्था बाधित होने की बात करती है और कभी संसाधन पुराने होने से लोगों को जलप्रदाय नहीं हो पाता तो कभी पानी की टंकी न भरने का बहाना रहता है। इन सबके लिए क्या जल उपभोक्ता जिम्मेदार है?

## दो से चार दिन के बीच नल आते हैं

रतलाम शहर की इस गंभीर समस्या को लेकर मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया था कि शहर की जनता को दोनों समय जलप्रदाय होगा, जो वर्तमान में एक दिन छोड़कर एक दिन मिलता है। इस पर भी शिकायत है कि शहर के कई क्षेत्रों में दो से चार दिन के बीच नल आते है वह भी 15 से 20 मिनिट और कही-कही तो उससे भी अधिक समय तक चलते है और पानी ढूलता रहता है।

## कस्तूरबा नगर टंकी से कई कॉलोनियों को पानी नहीं

श्री सोमानी के अनुसार कस्तूरबा नगर टंकी से दिसंबर 2020 से 5 लाख गैलन पानी एवं सम्पवेल से 2 लाख गैलन पानी चार वार्ड क्रमांक 9,10,11,12 में प्रतिदिन वितिरत किया जा रहा है, वह भी 45 मिनट के स्थान पर 20-25 मिनट कर दिया गया है, जबकि अन्य 10 कॉलोनियों में जल वितरण नहीं हो रहा है। निगम ने दिसंबर से पाइप लाइन लिकेज को ठीक करने के लिए जलशक्ति अभियान प्रारंभ किया, लेकिन वर्तमान में यह अभियान बंद हो गया है। लगभग 200 से अधिक स्थानों पर पाईप लाईन लिकेज है।

## जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं देते

श्री सोमानी ने बताया कि जलप्रदाय के लिए पर्याप्त मात्रा में अधिकारी, कर्मचारी है, लेकिन छोटे कर्मचारियों से कार्य लिया जा रहा है,जिम्मेदार और प्रमुख अधिकारी लापरवाह बने हुए है। करोड़ों रुपया खर्च होने के बाद भी नागरिकों को शुद्ध और पर्याप्त मात्रा में जल नहीं मिलना एक विचारणीय प्रश्न है? प्रशासक के नाते भी कलेक्टर का दायित्व है कि वह शहर की जलप्रदाय व्यवस्था जो वर्षों से लोगों की परेशानी का मुख्य कारण बनी हुई है उस पर गंभीरता से विचार कर जिम्मेदार अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाना चाहिए ताकि लोगों को मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरुप पीने के पानी उपलब्ध हो सके।

## नलों में डायरेक्ट मोटर लगाकर पानी लिया जा रहा

कई स्थानों पर नलों में प्रेशर नहीं आता। लोगों का कहना है कि नगर निगम द्वारा बराबर वॉल नहीं खोले जाते इसलिए नलों में पानी नहीं आता और यह भी सत्य है कि शहर के 80 प्रतिशत लोग नलों में डायरेक्ट मोटर लगाकर पानी भरते हैं, जिससे भी अन्य लोगों को पानी नहीं मिलता जो लोग सीधे मोटर लगाकर पानी नहीं खिंचते। कई बार इस संबंध में शिकायत की गई, खबरें भी छपी, लेकिन जलप्रदाय विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने कोई कार्रवाई की हो इसकी जानकारी नहीं है।

स्वदेश

## जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध होगी कार्रवाई

रतलाम शहर में विगत कुछ दिनों से जल प्रदाय में परिलक्षित बाधा एवं व्यवस्था में सुधार के दृष्टिगत कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने एक विशेष बैठक नगर निगम तथा विद्युत वितरण कंपनी के साथ आयोजित की। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शहर में सुचारु जल प्रदाय व्यवस्था के लिए नगर निगम का अमला 24 घंटे कार्य करें, लोगों की समस्या शिकायत सुने। कलेक्टर ने चेतावनी दी कि यह बैठक अंतिम बैठक है यदि जल प्रदाय व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो फिर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

स्वदेश 21/7/21

**सहूलियत** • अलग-अलग क्षेत्रों में रोज हो रही पानी की परेशानी, नयागांव, राजगढ़, इंद्रलोक नगर, महेश नगर में 5 घंटे देरी से हुआ जलप्रदाय

# पानी की परेशानी होगी दूर... निगम का अमला 24 घंटे करेगा काम, जलप्रदाय की शिकायत के लिए कॉल सेंटर भी बनेगा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

लोगों की सबसे बड़ी जरूरत पानी की परेशानी जल्द दूर होने की उम्मीद जागी है। शहर में शनिवार को पेयजल व्यवस्था गड़बड़ा गई। पटरी पार के कई इलाकों में 5 घंटे देरी से जलप्रदाय हुआ तो वहीं नेहरू स्टेडियम टंकी शाम तक नहीं भर सकी, इससे आसपास के क्षेत्रों में पानी की परेशानी रही। जल वितरण की अनियमितता को देख कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम भी नाराज हुए हैं। अब नगर निगम का अमला 24 घंटे काम करेगा, इसके साथ ही लोगों की शिकायत के लिए कॉल सेंटर भी बनाया जाएगा।

पानी की सप्लाई में परेशानी का सामना लोगों को आए दिन करना पड़ता है। लोगों का यह गुस्सा सोशल मीडिया पर दिखता है। दो दिन पहले पीएंडटी कॉलोनी के लोग पानी की परेशानी से सड़क पर आ गए थे। वहीं मंगलवार को भी ऐसी ही स्थिति बनती नजर आ रही थी। नयागांव, राजगढ़, इंद्रलोक नगर, महेश नगर, गणेश नगर, टैगोर कॉलोनी, जवाहर नगर सहित आसपास के इलाकों में सुबह 6 बजे जलप्रदाय होना था लेकिन पानी नहीं मिला। इसकी शिकायतें भी होने लगीं। नतीजतन सुबह 11 बजे लोगों को पानी मिल सका। वहीं नेहरू स्टेडियम टंकी को सुबह ही भर जाना था लेकिन शाम तक नहीं भर सकी। इसका असर भी जलप्रदाय पर हुआ है।

## कलेक्टर ने जताई नाराजगी... चेतावनी देकर कहा कि अब जलप्रदाय में सुधार नहीं हुआ तो अधिकारियों पर करेंगे सीधी कार्रवाई

लगातार गड़बड़ा रही जलप्रदाय की व्यवस्था से कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम मंगलवार को खासे नाराज नजर आए। सख्त लहजे में उन्होंने चेतावनी दी है कि जलप्रदाय व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए अब नगर निगम का अमला 24 घंटे काम करेगा। जलप्रदाय की शिकायत, समस्या की जानकारी और निराकरण के लिए कॉल सेंटर भी बनाया जाएगा। निगम के अमले को रेग्युलर मॉनिटरिंग करना होगी कि किस टंकी में पानी भराया है और किस में नहीं। पानी नहीं पहुंचने का कारण क्या है।

**दो उपयंत्री को वैक्सीनेशन की ड्यूटी से हटाया ताकि जलप्रदाय प्रभावित ना हो :** इधर, नगर निगम के दो उपयंत्री भैयालाल चौधरी और सुहास पांडे वैक्सीनेशन की ड्यूटी में अटैच थे। उन्हें भी वैक्सीनेशन से हटा दिया है ताकि जलप्रदाय में किसी तरह का असर ना हो। कलेक्टर ने सख्त लहजे में कहा है कि यह अंतिम बैठक है, अब व्यवस्था नहीं सुधरी तो कार्रवाई होगी।

भास्कर

## 14 जून से 18 जुलाई के बीच 18 बार बिजली गुल, अब नए सिरे से बनेगा प्लान, दो दिन में पूरा करना होगा मेंटेनेंस

लगातार जलापूर्ति के लिए बिजली भी जरूरी है। यह परेशानी ना बने इसलिए अब 4 दिन में कंपनी को मेंटेनेंस पूरा करना होगा। 14 जून से 18 जुलाई के बीच 18 बार बिजली गुल होने की परेशानी आई है। बिजली कंपनी के अधीक्षण यंत्री ने कलेक्टर को बताया कि धोलावड़ तक लगातार बिजली के लिए 2 वैक्यूम ब्रेकर सर्किट बदले जाना है। अभी मोरवानी में वैक्यूम ब्रेकर सर्किट पुराने होने के कारण बिजली गुल होने की परेशानी हो रही है। अब नए सर्किट खरीदे जाएंगे, इसकी अनुमति मिल गई है।

**जल्द व्यवस्था में सुधार होगा**

पानी की परेशानी के मामले लगातार सामने आ रहे थे। सभी अधिकारियों से चर्चा हुई है। जल्द ही इस व्यवस्था में सुधार दिखेगा। शहरवासियों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। कुमार पुरुषोत्तम, कलेक्टर, रतलाम

दे. भास्कर 21/7/21

# रतलाम में जलसंकट पर कलेक्टर हुए नाराज, निगम को लगाई फटकार

## बोले- व्यवस्था नहीं सुधरी तो होगी कार्रवाई

पीपुल्स संवाददाता • रतलाम
मो.नं. 9425195101

शहर में गत कुछ दिनों से जल प्रदाय में परिलक्षित बाधा एवं व्यवस्था में सुधार के दृष्टिगत कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने एक विशेष बैठक नगर निगम तथा विद्युत वितरण कंपनी के साथ आयोजित की। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शहर में सुचारू जल प्रदाय व्यवस्था के लिए नगर निगम का अमला 24 घंटे कार्य करें, लोगों की समस्या शिकायत सुने। कलेक्टर ने चेतावनी दी कि यह बैठक अंतिम बैठक है यदि जल प्रदाय व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो फिर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### कॉल सेंटर स्थापित करें

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सुचारु जलप्रदाय के लिए शिकायत एवं समस्याओं की जानकारी तथा उनके निराकरण हेतु कॉल सेंटर स्थापित किया जाए। निगम का अमला सतत मॉनिटरिंग करते हुए प्रतिदिन देखे कि शहर की कौनसी टंकी में जलभराव किया गया है और कौन सी टंकी में पानी नहीं पहुंचा और क्यों नहीं पहुंचा। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि निगम की जल वितरण व्यवस्था ठीक नहीं है उसको सुधारने के लिए प्लान करें। सिस्टम की खामियों को दूर करें प्रयास किया जाए कि लीकेजेस नहीं हो। बताया गया कि अभी 20-25 लीकेज प्रतिदिन सुधारा जा रहे हैं। कलेक्टर ने यह भी पूछा कि गंदा पानी क्यों आ रहा है, ड्रेनेज सिस्टम में गंदे जल के भराव को रोकने के इंतजाम किए जाएं। सतत जलापूर्ति के लिए बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु अधीक्षण यंत्री विद्युत को निर्देशित किया कि तीन-चार दिनों में जो भी मेंटेनेंस अथवा अन्य कार्य है उन्हें पूर्ण किया जाए।

बैठक में बताया गया कि नगर निगम के मोरवानी फिल्टर प्लांट की व्यवस्था को सुधारना आवश्यक है। विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री द्वारा बताया गया कि मोरवानी में 2 वैक्यूम सर्किट ब्रेकर बदले जाना है जिसकी वजह से निर्बाध विद्युत आपूर्ति धोलावाड़ तक संभव हो सकेगी। अभी मोरवानी में वेक्यूम सर्किट ब्रेकर पुराने हो जाने के कारण कोई भी फाल्ट आने पर धोलावाड़ तक विद्युत समस्या आती है जिसके निराकरण के लिए नवीन वेक्यूम सर्किट ब्रेकर लगाए जाएं।

कलेक्टर ने अधीक्षण यंत्री से कहा कि विगत 14 जून से लेकर 18 जुलाई तक 18 बार विद्युत ट्रिपिंग देखने में आई है। अधीक्षण यंत्री उक्त समस्या का तत्काल निराकरण करें ताकि जल आपूर्ति में बाधा नहीं आए।

पिपुल्स 21/7/21

# कल वैक्सीनेशन : 17 दिन इंतजार के बाद कोवैक्सीन के सिर्फ 400 डोज ही मिले

## कोविशील्ड के 13,700 डोज, आज सुबह 9 बजे खुलेंगे स्लॉट

भास्कर संवाददाता | रतलाम

लंबे इंतजार के बाद शहर को को-वैक्सीन मिली है लेकिन सिर्फ 400 टीके। 17 दिन से लोग को-वैक्सीन के सेकंड डोज लगने का इंतजार कर रहे हैं। अब 22 जुलाई को टीके लग सकेंगे। कोविशील्ड के 13,700 डोज लगाए जाएंगे।

जिले को 2 हजार डोज मिलने की उम्मीद है। बुधवार को आईएमए हॉल और लायंस हॉल में को-वैक्सीन का दूसरा डोज लगेगा। दोनों ही जगह 200-200 वैक्सीन के साथ सत्र लगेंगे। जिले में आखिरी बार 3 जुलाई को को-वैक्सीन के लिए सत्र लगे थे। इसके बाद से ही वैक्सीन मिलने का इंतजार हो रहा है। आलम ऐसा है कि अब कोविशील्ड के सत्र में भी लोग को-वैक्सीन की पूछताछ करने एक केंद्र से दूसरे केंद्र पर जा रहे हैं। इसी के साथ कोविशील्ड के टीके भी रहेंगे।

### 22 जुलाई को यहां लगेगा टीका

**कोविशील्ड पहला डोज-स्लॉट बुकिंग**

| सत्र स्थल | संख्या |
|---|---|
| मॉर्निंग स्टार स्कूल, इंद्रलोक नगर | 400 |
| सिंधु गुरुद्वारा, मोहन नगर | 400 |
| उत्कृष्ट स्कूल, सागोद रोड | 400 |
| मिड टाउन, कम्युनिटी हॉल | 400 |
| सूरज हॉल, वेदव्यास कॉलोनी | 400 |
| कुल डोज | 2000 |

**कोविशील्ड सेकंड डोज**

| सत्र स्थल | संख्या |
|---|---|
| कम्युनिटी हॉल, अलकापुरी | 350 |
| डीआरएम ऑफिस, दो बत्ती | 350 |
| कुल डोज | 700 |

**जिले में 69 जगह होगा वैक्सीनेशन :** 22 जुलाई को जिलेभर में टीके लगेंगे। आलोट, बाजना, जावरा, पिपलौदा, रतलाम ग्रामीण, सैलाना में भी वैक्सीन लगेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में भी वैक्सीन के इंतजाम किए गए हैं।

दै. भास्कर 21/7/21

## कल होगा वैक्सीनेशन आज से बुकिंग

**रतलाम।** जिले में कोविड वैक्सीनेशन गुरुवार को किया जाएगा। 22 जुलाई को आयोजित होने वाले सत्र में रतलाम शहर के हितग्राहियों के लिए आनलाइन प्री स्लाट बुकिंग 21 जुलाई बुधवार को सुबह 9 :00 बजे से की जा सकेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि https&//selfregistration.cowin.gov.in/ लिंक पर क्लिक करके बुकिंग की जा सकेगी।

## तीसरे दिन एक भी नया पाजिटिव नहीं

**रतलाम।** जिले में लगातार तीसरे दिन मंगलवार को एक भी नया पाजिटिव केस सामने नहीं आया। अब एक्टिव

## रतलाम में 0 पॉजिटिव, एक्टिव केस केवल 1

**रतलाम |** जिले में मंगलवार को भी एक भी पॉजिटिव नहीं मिला है। शहर में एक्टिव केस की संख्या सिर्फ 1 है। कोरोना पर अभी ब्रेक लग गया है। जिले में मई महीने में एक दिन में 398 पॉजिटिव भी मिल चुके हैं लेकिन अब आंकड़ा दोबारा 0 पर आ गया है। जिले में अब तक कुल 17498 लोग पॉजिटिव आ चुके हैं। इनमें से 17186 लोग ठीक भी हो गए हैं। मेडिकल कॉलेज से अभी 936 मरीजों की रिपोर्ट आना बाकी है।

दशकों से जलसंकट का सामना कर रहे शहरवासियों को आश्वासनों के अलावा कुछ नहीं मिला

# करोड़ों रुपया खर्च फिर भी स्थिति यथावत शहर के कई इलाके जलप्रदाय से वंचित

## कलेक्टर एवं प्रशासक ने जलापूर्ति के लिए 24 घंटे काम करने के निर्देश दिए

रतलाम ● स्वदेश समाचार

कई दशकों से रतलाम शहर में जलसमस्या का गंभीर संकट बना हुआ है। गंगासागर योजना के बाद धोलावाड़ परियोजना के आने के बाद लोगों को उम्मीद थी कि अब लोगों को पर्याप्त पानी मिल सकेगा और घर-घर में नल लगेंगे और सभी क्षेत्रों में पाइप लाइन बिछेगी। करोड़ों रुपया जलयोजना पर खर्च हुआ, लेकिन पानी का संकट बरकरार है।

चंदकॉलोनियों और मोहल्लों में ही लोगों के नलों में पानी आ रहा है, लेकिन वह भी कम दबाव से। शहर की अधिकांश पाइप लाइने नालियों से होकर गुजर रही है, कई जगह टूट-फूट होने से नालियों का गंदा पानी सप्लाय हो रहा है। धोलावाड़ जलप्रदाय केंद्र से लगाकर रतलाम शहर तक कई स्थानों पर पाइप लाइन लिकेज है। कहते हैं किसान सिंचाई के लिए पाइप लाइन को फोड़ देते हैं। कभी-कभी नगर निगम विद्युत प्रदाय के कारण जलप्रदाय व्यवस्था बाधित होने की बात करती है और कभी संसाधन पुराने होने से लोगों को जलप्रदाय नहीं हो पाता तो कभी पानी की टंकी न भरने का बहाना रहता है। इन सबके लिए क्या जल उपभोक्ता जिम्मेदार है?

### दो से चार दिन के बीच नल आते हैं

रतलाम शहर की इस गंभीर समस्या



### जलप्रदाय विभाग के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाए-सोमानी

नगर निगम जलप्रदाय कमेटी के पूर्व चेयरमैन रहे पवन सोमानी ने कलेक्टर एवं प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम से मिलकर रतलाम के गंभीर जलसंकट को लेकर मुलाकात की तथा बताया कि करोड़ों रुपया खर्च होने के बाद भी शहर की जल समस्या यथावत है। सम्पूर्ण शहर धोलावाड़ जलप्रदाय से वंचित है, इसका क्या कारण है? जो लोग इसके लिए जिम्मेदार है और जिन्हें जलप्रदाय विभाग की जिम्मेदारी दी गई है उनकी जिम्मेदारी तय की जाए कि आखिर क्या कारण है कि इतनी राशि ... होने एवं संसाधान जुटाने के बाद भी जलसंकट कायम है और सम्पूर्ण रुप से शहरवासियों को पानी क्यों नहीं मिल रहा है, जबकि मुख्यमंत्री ने रतलाम प्रवास के दौरान नागरिकों को दोनों समय जलप्रदाय किए जाने का आश्वासन दिया था। श्री सोमानी ने कलेक्टर को दिए पत्र में बताया कि धोलावाड़ डेम से पचास लाख गेलन पानी प्रतिदिन प्राप्त हो रहा है, जिससे शहर के पटरी पार सहित अन्य क्षेत्रों में जल वितरण किया जा रहा है। 2012 में मुख्यमंत्री शहरी योजना के अंतर्गत शहर के 165 कि.मी. पाईप लाईन का प्रस्ताव पारित कर शासन को प्रेषित किया था, जिसकी मंजूरी 2015 में ...

गेलन पानी एवं सम्पवेल से 2 लाख गेलन पानी चार वार्ड क्रमांक 9,10,11,12 में प्रतिदिन वितरित किया जा रहा है, वह भी 45 मिनट के स्थान पर 20-25 मिनट कर दिया गया है, जबकि अन्य 10 कॉलोनियों में जल वितरण नहीं हो रहा है। निगम ने दिसंबर से पाइप लाइन लिकेज को ठीक करने के लिए जलशक्ति अभियान प्रारंभ किया, लेकिन वर्तमान में यह अभियान बंद हो गया है। लगभग 200 से अधिक स्थानों पर पाईप लाईन लिकेज है।

### जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं देते

श्री सोमानी ने बताया कि जलप्रदाय के लिए पर्याप्त मात्रा में अधिकारी, कर्मचारी है, लेकिन छोटे कर्मचारियों से कार्य लिया जा रहा है, जिम्मेदार और प्रमुख अधिकारी लापरवाह बने हुए है। करोड़ों रुपया खर्च होने के बाद भी नागरिकों को शुद्ध और पर्याप्त मात्रा में जल नहीं मिलना एक विचारणीय प्रश्न है? प्रशासक के नाते भी कलेक्टर का दायित्व है कि वह शहर की जलप्रदाय व्यवस्था जो वर्षों से लोगों की परेशानी का मुख्य कारण बनी हुई है उस पर गंभीरता से

# कचरा पृथक-पृथक नहीं लेने पर कर्मचारियों के विरूद्ध होगी कार्यवाही

रतलाम 19 जुलाई। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने कचरा संग्रहण वाहन के ड्रायवर, हैल्पर, वार्ड प्रभारी व झोन प्रभारियों को निर्देशित किया है कि वे नगर के प्रत्येक घर, दुकान आदि से प्रतिदिन गीला व सूखा कचरा पृथक-पृथक कचरा संग्रहण करना सुनिश्चित करें अन्यथा ड्रायवर, हैल्पर, वार्ड प्रभारी व संबंधित झोन प्रभारी पद से हटाने व बर्खास्त किये जाने की कार्यवाही की जायेगी। निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया यदि किसी भी वार्ड में मिक्स कचरा लेते हुए या कचरा संग्रहण वाहन में मिक्स कचरा डालते हुए पाये जाने पर संबंधित कर्मचारी को पद से हटाने व सेवा से बर्खास्त किये जाने की कार्यवाही की जायेगी। इसके अलावा उन्होने निर्देशित किया कि प्रत्येक वार्ड के प्रत्येक घर, दुकान, गुमटी आदि से प्रतिदिन पृथक-पृथक कचरा लिया जाये। प्रत्येक वार्ड के प्रत्येक घर, दुकान, गुमटी आदि से प्रतिदिन पृथक-पृथक कचरा लिये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि दोनो पालियों में वार्ड में कचरा संग्रहण वाहन जायेंगे तथा जब तक पूरे वार्ड से 100 प्रतिशत कचरा संग्रहित नहीं कर लिया जाता तब तक वाहन निगम के वर्कशॉप में जमा ना करायें।

स्वतंत्र

स्वतंत्र पैगाम 21/7/21

# 75 टन कचरा जुलवानिया पहुंचा

रतलाम । निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे व सड़को व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन किया जाकर जुलवानिया टेऊचिंग ग्राउण्ड पर पंहूचाया जा रहा है जिसके तहत 19 जुलाई सोमवार को 68 टन कचरा जुलवानिया टेऊचिंग ग्राउण्ड पर पंहूचाया गया। 19 जुलाई सोमवार को डम्पर व टेऊक्टर ट्रॉली से 34665, काम्पेक्टर सूखा कचरा 24455, काम्पेक्टर गीला कचरा 14265 व मैजिक 21 ी किलो इस तरह कुल 75495 किलो कचरा जुलवानिया टेऊचिंग ग्राउण्ड पहुंचाया गया।


स्वतंत्र

स्वतंत्र पैगाम 21/7/21

निगम के तत्कालीन आयुक्त एसके सिंह, नामली नपं और सैलाना नपं सीएमओ के खिलाफ हुई शिकायतें

# लोकायुक्त एसपी की सुनवाई, 20 ने शिकायत दर्ज कराई

पत्रिका सिटी हैपनिंग



रतलाम. लोकायुक्त उज्जैन ने सर्किट हाउस पर मंगलवार को सुनवाई के लिए शिविर लगाकर अधिकारियों के साथ ही शासकीय कार्यालयों सहित अन्य मामलों की शिकायतों की सुनवाई की। करीब दो घंटे तक लोकायुक्त एसपी शैलेंद्रसिंह चौहान के समक्ष 20 लोगों ने शिकायतें दर्ज कराई है। अहम शिकायतें नगर निगम तत्कालीन आयुक्त एसके सिंह, नामली और सैलाना नपं में खरीदी को लेकर हुई है। शिकायतकर्ताओं ने दस्तावेजों के साथ ये शिकायतें दी है। लोकायुक्त एसपी चौहान ने कहा जो शिकायतें उन्हें मिली है वे वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष रखेंगे और वहां से जो निर्देश मिलेंगे उसके हिसाब से आगे की कार्रवाई की जाएगी।

लोकायुक्त एसपी शैलेंद्रसिंह का कहना है कि यह शिविर ऐसे लोगों के लिए ज्यादा अहम है जो अपना काम धंधा छोड़कर उज्जैन नहीं आ सकते है या जो दिव्यांग है या ज्यादा जानकारी नहीं होती है। कोशिश होगी कि हर माह के तीसरे मंगलवार को यह शिविर लगाया जाए और लोगों को सुना जाए। शिविर में आई एक दिव्यांग महिला का उल्लेख लोकायुक्त एसपी ने करते हुए कहा कि यह सार्थकता है ऐसे शिविर की।

## ये है प्रमुख शिकायतें

भाजपा नेता प्रभु नेका व मधु शिरोड़कर ने शिकायत में बताया कि नगर निगम के तत्कालीन आयुक्त एसके सिंह ने टीएंडसीपी की अनुमति बगैर और रेरा में पंजीयन कराए बिना ही बंजली में प्रधानमंत्री आवास योजना की बिल्डिंग तान दी। यही नहीं भवन बनाने वाले कांट्रेक्टर को 15 करोड़ से अधिक का भुगतान कर दिया था। उन्होंने 2020 में आरटीआई के माध्यम से जानकारी मांगी तब यह बताया गया था रेरा में पंजीयन कराया जा रहा है और टीएंडसीपी से अनुमति ली जा रही है। नगर निगम जैसी संस्था इस तरह का कार्य कर रही है तो जिम्मेदार तत्कालीन आयुक्त सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज होना चाहिए।

सैलाना का डस्टबीन खरीदी का मामला भी लोकायुक्त एसपी के सामने पहुंचा है। सैलाना नगर पंचायत के पार्षद हेमंत जगदीश कुमावत ने शिकायत में बताया कि नगर पंचायत सैलाना ने छोटी और बड़ी डस्टबीन की खरीदी 2017-18 में की थी। छोटी डस्टबीन की कीमत 30 रुपए और बड़ी की 40.90 पैसे प्रति डस्टबीन थी। डस्टबीन खरीदी में नगर पंचायत ने जीएसटी सहित भुगतान करके खरीदी में भारी भ्रष्टाचार किया है। संतोष धबाई ने बताया खरीदी के टेंडर, कोटेशन की कापी, वर्क आर्डर और भुगतान की गई राशि के बारे में पूरे तथ्य लोकायुक्त को सौंपे गए है।

## जेवीएल भूमि नीलामी प्रक्रिया में घोटाला

सामाजिक कार्यकर्ता संजय मूसले ने वर्ष 2013 में शुरू हुई जेवीएल भूमि की नीलामी प्रक्रिया में भारी घोटाले का आरोप लगाते हुए तत्कालीन अधिकारियों की मिलभगत की बात कहते हुए एक पत्र लोकायुक्त को दिया है। मूसले ने बताया कि जेवीएल के श्रमिकों की आरआरसी के भुगतान के लिए जमीन की नीलामी की प्रक्रिया शुरू की गई थी। नीलामी प्रक्रिया को संपन्न कराने वाले तत्कालीन तहसीलदारों ने नीलामी प्रक्रिया में शामिल होने वाले बोलीदारों से मिलकर शासन को करोड़ों की हानि पहुंचाई है। अधिकारियों ने नीलामी में भूमि लेने वाले बोलीदारों के नाम विक्रय पत्र संपादित कराने की बजाय उनके नाम विक्रय पत्र संपादित करवाए जिनका बोली से कोई संबंध ही नहीं था। कई शिकायतों के बाद भी अब तक कार्रवाई नहीं हुई है।

## नामली में खरीदी घोटाला, लोकायुक्त को दी शिकायत



नामली. नपं में बड़ा खरीदी घोटाला होने की शिकायत पूर्व पार्षद श्रीनाथ योगी ने लोकायुक्त एसपी को की है। योगी ने बताया कि सीएमओ ने नपं में जरूरत नहीं होने के बाद लाखों की खरीदी करके इस घोटाले को अंजाम दिया है। नामली के इन घोटालों को लेकर पत्रिका ने भी मंगलवार को नामली के इस घोटाले को लेकर प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया है। शिकायत में योगी ने बताया कि नई फायर ब्रिगेड खरीदी लेकिन पूर्व से नपं में फायर ब्रिगेड है। वैक्यूम मशीन, दो नए टैंकर, प्लास्टिक के चलित शौचालय, एलईडी लाइट, सौर ऊर्जा आदि की खरीदी में लाखों रुपए में किया है। नई सामग्री खरीदी गई लेकिन पुरानी सामग्री कहां रखी हुई है किसी को पता नहीं है। योगी ने बताया कि दैनिक वेतनभोगी भी बिना आवश्यकता के रखे हैं। राजस्व निरीक्षक राहुल नागोरे के कार्यकाल की जांच होना चाहिए। उनके पास महत्वपूर्ण विभाग स्टोर और लेखापाल है। इनकी नियुक्ति को लेकर पीआईसी की तरफ से कोई प्रस्ताव भी पारित नहीं किया गया था तो नियुक्ति कैसे हो सकती है।

पत्रिका 21/7/21

**सिटी फोरलेन मामले में बैंक का सरेंडर: भोपाल के अधिकारियों पर छोड़ा अंतिम निर्णय**

# बैंक का सरेंडर, विकास में नहीं बनेगी बाधक

लगातार



पत्रिका

प्रकाशित खबर।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रतलाम.** दो बत्ती से मित्र निवास रोड तक बन रहे सिटी फोरलेन मामले में एक दिन पूर्व मीडिया को नगर निगम के साथ हुई बातचीत के पत्र जारी करने वाले एसबीआई ने अगले ही दिन ही पलटी मार ली। बैंक ने विरोध से सरेंडर कर लिया है व निर्णय लिया है कि शहर विकास के मामले में बाधक नहीं बनेंगे व नगर निगम को सहयोग करेंगे। बैंक को कोर्ट में जाना है या नहीं, इस बारे में निर्णय लेने का अधिकार भोपाल के अधिकारियों पर छोड़ दिया है।

बता दे की रविवार को नगर निगम ने बैंक की आवास क्षेत्र की बाउंड्रीवाल को 24 घंटे के नोटिस के बाद तोड़ दिया था। बैंक प्रबंधक ने निगम पर आरोप लगाया था कि 18 मीटर वाले सिटी फोरलेन को 14 मीटर का किया जा रहा है। जबकि पूर्व के पत्रों में दोनों तरफ से 4-4 मीटर सड़क ली जाना थी।

सूत्रों के अनुसार मामले में कलेक्टर ने हस्तक्षेप किया। शांति समिति की बैठक के बाद भी बैंक अधिकारियों ने कलेक्टर व एसपी के सामने इस मामले को उठाया था। कलेक्टर व एसपी ने साफ कर दिया था की बैंक की मांग गलत है व विकास में समझौता नहीं हो सकता है। कलेक्टर ने बैंक अधिकारियों को फटकार भी लगाई थी।

## अब होगा यह

अब मंगलवार को भी सिटी फोरलेन का निर्माण तेजी से जारी है। इन सब के बीच बिजली कंपनी के अधिकारियों ने यहां पर दोपहर बाद निरीक्षण किया है व पोल शिफ्ट करने की कार्रवाई दो दिन में शुरू करने की बात की गई है। सब कुछ सही रहा तो अगले तीन माह में दो बत्ती से लेकर मित्र निवास रोड तक सिटी फोरलेन बनकर तैयार हो जाएगा।

सिटी फोरलेन मामले में बैंक की छवि खराब करने का प्रयास हुआ है, बैंक विकास का विरोधी नहीं है। हमने कभी निर्माण कार्य के लिए मना नहीं किया है। हम कोर्ट में नहीं जा रहे है। कोर्ट के बारे में अंतिम निर्णय भोपाल कार्यालय से होगा। - **अरूण कुमार सिंह,** रीजनल मैनेजर, एसबीआई

बैंक ने पत्र सार्वजनिक करके कलेक्टर व नगर निगम की छवि खराब करने का प्रयास किया है। निर्माण कार्य तेजी से जारी है। बैंक व आवास को किसी प्रकार का नुकसान पहुंचाए बगैर पूरा काम हो रहा है। -**सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

पत्रिका/ 21/7/21

### जनसुनवाई करने पहुंचे लोकायुक्त एस पी, प्रति माह लगेगा लोकायुक्त कैंप

# नगरीय निकायों में भ्रष्टाचार और जेवीएल की जमीनों की नीलामी में हुई धांधली के आवेदन मिले

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

जिले में भ्रष्टाचार के बढ़ते मामलों के बाद लोकायुक्त पुलिस कैंप लगाकर जनसुनवाई कर रही है। लोकायुक्त उज्जैन एस पी शैलेंद्र सिंह चौहान ने मंगलवार को रतलाम पहुंचकर भ्रष्टाचार संबंधित मामलों की जनसुनवाई की है। सर्किट हाउस पर लगाए गए इस कैंप में 20 आवेदकों ने भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों की शिकायत लोकायुक्त एसपी से की है। लोकायुक्त एसपी ने बताया कि संभाग के दूरस्थ क्षेत्रों के भ्रष्टाचार से पीड़ित लोग उज्जैन आकर अपनी समस्या नहीं बता पाते हैं, जिसके लिए अब जिलों में कैंप लगाकर भ्रष्टाचार के मामलों की सुनवाई की जा रही है। रतलाम जिले में हर माह कैंप लगाने की बात भी लोकायुक्त पुलिस एसपी ने कही है।

लोकायुक्त उज्जैन पुलिस एसपी की जनसुनवाई में आज 20 आवेदकों ने भ्रष्टाचार संबंधित शिकायत की है। जिसमें नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों द्वारा भ्रष्टाचार किए जाने की शिकायत प्रमुख है। लोकायुक्त एसपी ने बताया कि लगभग सभी विभागों से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई है । भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत आने वाले मामलों के प्रमाण शिकायतकर्ता से लेकर जांच की जाएगी। मंगलवार को लोकायुक्त पुलिस के जन शिकायत कैंप में लोगों ने भ्रष्टाचार से जुड़े हुए मामलों की 20 शिकायत की है, जिसमें नगरीय निकायों में भ्रष्टाचार और जेवीएल की



जमीनों की नीलामी में हुई धांधली कि शिकायत है प्रमुख है।

शिकायतकर्ता संजय मुसले ने बताया कि जयंत विटामिंस लिमिटेड के श्रमिकों के बकाया भुगतान के लिए कोर्ट के आदेश पर जेवीएल की जमीनों की नीलामी की गई थी। जिसमें तत्कालीन अधिकारियों द्वारा नीलामी में भाग लेने वाले लोगों के साथ सांठगांठ कर शासन को करोड़ों रुपए का नुकसान पहुंचाया है । शिकायतकर्ता का आरोप है कि नीलामी में जमीन खरीदने वाले प्रथम बोलीकर्ता की बजाए किसी अन्य व्यक्तियों के नाम रजिस्ट्री करवा दी गई। नामली नगर परिषद के सीएमओ द्वारा केशव सिंह सगर द्वारा नियम विरुद्ध चलित शौचालय, फायर फाइटर, वेक्यूम मशीन और हाईमास्ट आदि अनावश्यक सामग्री की खरीदारी करने और लाखों रुपए के भ्रष्टाचार की शिकायत स्थानीय शिकायतकर्ता ने की है। सैलाना नगर परिषद में झील संरक्षण योजना के अंतर्गत वर्ष 2015 में 25 लाख रुपए की प्रथम किस्त में तत्कालीन सीएमओ और नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा भ्रष्टाचार की शिकायत स्थानीय लोगों ने की है। रतलाम नगर निगम के तत्कालीन आयुक्त एसके सिंह की शिकायत भी स्थानीय भाजपा नेताओं ने की है। शिकायत में भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बनाई गई बिल्डिंगों में रेरा और टीएनसीपी की परमिशन लिए बिना ही निर्माण कर दिया गया और ठेकेदार को 18 करोड़ की राशि भी जारी कर दी गई।

गौरतलब है कि चालू वर्ष में रतलाम सहित मंदसौर और नीमच जिले में भ्रष्टाचार के मामलों में लोकायुक्त पुलिस ने कई बड़ी कार्रवाई की है। जिसमें पांच रतलाम जिले के ही है वहीं अब लोकायुक्त पुलिस दूरस्थ क्षेत्रों के भ्रष्टाचार से पीड़ित लोगों की समस्या के सुनने के लिए इन क्षेत्रों में हर महीने लोकायुक्त कैंप लगाने जा रही है।

प्रसारण 21/7/21

## लोकायुक्त के पास पहुंची भ्रष्टाचार की शिकायतें

रतलाम। जिले में बढ़ती भ्रष्टाचार की शिकायतों को लेकर मंगलवार को विशेष पुलिस स्थापना लोकायुक्त अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान ने रतलाम आकर शिकायती आवेदन प्राप्त किए। जानकारी के अनुसार एसपी लोकायुक्त ने आम नागरिकों से भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतें सुनी और आवेदन लिए। सर्किट हाउस पर शिविर के बाद मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए एसपी लोकायुक्त शैलेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि शिविर में उन्हें 20 शिकायत प्राप्त हुई है। शिकायत करने वालों में बुजुर्ग, महिला, छात्र सभी शामिल थे। एसपी लोकायुक्त ने बताया कि आज मिले आवेदनों में कई विभागों से संबंधित शिकायत उन्हें प्राप्त हुई है।अब लोकायुक्त के कार्य क्षेत्र में आने वाली शिकायतों को देखकर उनकी जांच की जाएगी। लोकायुक्त एसपी द्वारा लगाए गए शिविर में आम जनता के साथ ही शिकायती आवेदन लेकर पहुंचने वाले लोगों में कुछ नामी चेहरे भी थे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लोकायुक्त पुलिस को की गई शिकायतों में व्यक्तिगत के साथ ही सार्वजनिक हित से जुड़ी और शासन को राजस्व हानि पहुंचाने वाले मामलों की शिकायतें भी शामिल थी। लोकायुक्त पुलिस द्वारा लगाए गए शिविर में पटरी पार क्षेत्र के जमीन से जुड़े चर्चित मामले की शिकायत भी की गई है।


पिपुल्स 21/7/21

# लोकायुक्त कैंप में मिलीं 20 शिकायतें

## सुनवाई ● लोकायुक्त एसपी शैलेंद्रसिंह चौहान ने कहा- हर माह लगाएंगे कैंप

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। लोकायुक्त (विशेष पुलिस स्थापना) उज्जैन द्वारा जिले में पहली बार मंगलवार दोपहर सर्किट हाउस पर भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतें सुनने के लिए कैंप लगाया गया। कैंप में एसपी लोकायुक्त शैलेंद्रसिंह चौहान को जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे बीस नागरिकों ने अपनी-अपनी शिकायतें दीं।

सर्किट हाउस पर लोकायुक्त एसपी ने बारी-बारी से शिकायतकर्ताओं को कक्ष में बुलाया और आवेदन प्राप्त किए। नगरीय निकायों से संबंधित शिकायतें ज्यादा बताई जाती हैं। कैंप में लोकायुक्त विभाग के निरीक्षक बसंत श्रीवास्तव, आरक्षक विशाल रेशमिया आदि भी उपस्थित थे।



लोकायुक्त एसपी शैलेंद्रसिंह चौहान को शिकायत देते हुए संजय मूसले। ● नईदुनिया

### मंदसौर व नीमच में कैंप लगाने का विचार

कैंप खत्म होने के बाद एसपी चौहान ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि कैंप का मकसद संभाग मुख्यालय से दूरस्थ इलाकों के लोगों के बीच जाकर उनकी शिकायतें सुनना है। दिव्यांग, मजदूरी करने वाले, महिलाएं, व्यवसायी आदि अपना कार्य छोड़कर संभाग मुख्यालय में शिकायत करने नहीं आ पाते हैं। मंदसौर व नीमच में भी कैंप लगाने का विचार किया जा रहा है।

### सामग्री खरीदी, जमीन नीलामी में गड़बड़ी की शिकायत

सैलाना नगर परिषद के पार्षद हेमंत जगदीश कुमावत ने शिकायत में बताया कि स्वच्छता अभियान के तहत नगर परिषद कार्यालय ने छोटे व बड़े डस्टबिन की खरीदी वर्ष 201-18 में की थी। कोटेशन के अनुसार छोटे डस्टबिन 30 रुपये प्रति नग व बड़ा डस्टबिन 40.90 रुपये प्रति नग मय जीएसटी के खरीदे गए। खरीदी का भुगतान टेंडर से अधिक राशि का किया गया।

### पीएम आवास भवन निर्माण में कानून का उल्लंघन

भाजपा नेता प्रभु नेका ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्राम बंजली में नगर निगम के पूर्व कमिश्नर द्वारा रेरा कानून व टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से अनुमति लिए बगैर पांच मंजिला बिल्डिंग का निर्माण करने व 15 करोड़ से ज्यादा का भुगतान करने की शिकायत की।

### जेवीएल में जमीन की रजिस्ट्री दूसरे के नाम पर

सामाजिक कार्यकर्ता संजय मूसले ने शिकायत में बताया कि जेवीएल उद्योग से संबंधित भूमि की वर्ष 2013 में तत्कालीन तहसीलदार द्वारा नीलामी करने के दौरान जिन बोलीदारों या भागीदारों की बोली स्वीकृत हुई थी, उससे हटकर उन लोगों के नाम लेख संपादित कराए गए, जिन्होंने नीलामी प्रक्रिया में न तो राशि जमा कराई और न ही बोली लगाई।

### नामली व धामनोद नगर परिषद की खरीदी की जांच करें

नामली नगर परिषद के पार्षद श्रीनाथ योगी ने नामली व धामनोद नगर परिषद द्वारा की गई खरीदी की जांच करने की मांग की। वर्ष 2019 में नामली नगर परिषद को कितनी राशि मिली तथा कहां-कहां राशि का उपयोग किया गया। खरीदी व निर्माण में आर्थिक अनियमितताएं की गईं, उसकी जांच की जाए।


नईदुनिया 21/7/21

श्री मां कालिका माता मंदिर क्षेत्र में आया सर्वे दल

# गुजरात के अंबाजी क्षेत्र की तर्ज पर होना है विकास

पत्रिका

## एक्सक्लूसिव



रतलाम. शहर विधायक चेतन्य काश्यप के संकल्प मां कालिका माता मंदिर को गुजरात के अंबाजी की तर्ज पर बनाने की तैयारियों में एक कदम नगर निगम ने आगे बढ़ाए हैं। इसकी शुरुआती डिजाइन बनाने का कार्य इंदौर की एक फर्म को सौपा गया है। फर्म के तीन सदस्यों का दल मंगलवार दोपहर को मंदिर क्षेत्र में पहुंचा व कहां पर क्या निर्माण है, इसको देखा है।

इंदौर से निजी फर्म के तकनीकी दक्ष अधिकारी श्याम सुंदर के नेतृत्व में तीन सदस्यों का दल मंगलवार सुबह करीब 11 बजे रतलाम आया। यहां से अधिकारी पहले नगर निगम गए व लोकनिर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री जीके जायसवाल से मुलाकात की। इसके बाद प्रस्तावित योजना पर करीब दो घंटे तक इंदौर के दल व अधिकारियों के बीच चर्चा हुई। इसके बाद दल के सदस्य अपने संसाधन लेकर श्री मां कालिका माता मंदिर पहुंचे। यहां दल के सदस्यों ने सबसे पहले मंदिर में दर्शन किए व इसके बाद अपने काम की शुरुआत की।

## करीब 4 घंटे रुका दल

दोपहर 1 बजे पहुंचा दल करीब चार घंटे तक रुका। इस दौरान मंदिर क्षेत्र के चारों तरफ किए गए निर्माण को देखा व इसकी डिजाइन को नोट किया। इसके बाद कितनी भूमि रिक्त है व कितनी पर गुजरात के अंबा जी के मंदिर की तरह निर्माण कियो जा सकता है, इसके बारे में नोट्स बनाए गए। इस दौरान इस दौरान अंबा जी के मंदिर की डिजाइन भी तकनीकी विशेषज्ञों के पास थी। चार घंटो में दल के सदस्यों ने श्री मां कालिका माता मंदिर के अतिरिक्त, काल भैरव मंदिर, संतोषी माता मंदिर, भूखी माता मंदिर, गणपति श्री झुलेलाल मंदिर, चंद्रशेखर महादेव मंदिर सहित अन्य क्षेत्र, के निर्माण की डिजाइन को नोट करके इनकी नपी की। इसके अलावा जहां गरबे होते है उस क्षेत्र को भी नोट किया गया। शाम करीब 5 बजे बाद दल वापस इंदौर चला गया।

### हमारा प्रयास कार्य की शुरुआत हो

हमारा प्रयास है शहर के सौदर्यीकरण व विकास से जुड़े सभी कार्य समय पर शुरू होकर पूरे हो। दल के आने की जानकारी है। वे अपनी रिपोर्ट देंगे, उसके बाद आगे की योजना बनेगी। **- चैतन्य काश्यप**, शहर विधायक

### अगले सप्ताह देंगे रिपोर्ट

रतलाम के श्री मां कालिमा माता मंदिर को गुजरात के अंबा जी के तर्ज पर बनाया जाना प्रस्तावित है। इसलिए नगर निगम के कहने पर शुरुआती सर्वे करने आए है। इसकी रिपोर्ट अगले सप्ताह सौंप दी जाएगी। इसके बाद आगे की कार्रवाई होगी। **- श्याम सुंदर**, तकनीकी विशेषज्ञ, इंदौर

पत्रिका 21/7/21

## कॉल सेंटर स्थापित हो

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सुचारू जल प्रदाय के लिए शिकायतों एवं समस्याओं की जानकारी तथा उनके निराकरण हेतु कॉल सेंटर स्थापित किया जाए। निगम का अमला सतत मॉनिटरिंग करते हुए प्रतिदिन देखें कि शहर की कौन सी टंकी में जलभराव किया गया है और कौन सी टंकी में पानी नहीं पहुंचा और क्यों नहीं पहुंचा। इस बाबत प्रभारी कार्यपालन यंत्री श्री शैव्य को निर्देशित किया। सुचारू व्यवस्था के दृष्टिगत कलेक्टर द्वारा दो उपयंत्रियों भैयालाल चौधरी, सुमन पांडे को टीकाकरण ड्यूटी से भी मुक्त कर दिया गया।

## सिस्टम की खामियों को दूर करें

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि निगम की जल वितरण व्यवस्था ठीक नहीं है उसको सुधारने के लिए प्लान करें। सिस्टम की खामियों को दूर करें प्रयास किया जाए कि लीकेजेस नहीं हो। बताया गया कि अभी 20-25 लीकेज प्रतिदिन सुधारा जा रहे हैं। कलेक्टर ने यह भी पूछा कि गंदा पानी क्यों आ रहा है, [illegible]

# आज रतलाम आएंगे प्रभारी मंत्री, कल लेंगे योजना समिति की बैठक

रतलाम | जिला प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया 21 जुलाई को रतलाम आएंगे। वे रात 9.30 बजे शहर में आएंगे, रात्रि विश्राम रहेगा। 22 जुलाई को सुबह 10.30 बजे सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। सुबह 11 बजे महाराजा रतनसिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। सुबह 11.30 बजे पदाधिकारियों से भेंट होगी, दोपहर 12 बजे दीनदयाल नगर में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रतिमा पर माल्यार्पण, नवीन कलेक्टर कार्यालय में बैठक, दोपहर 1.30 बजे क्राइसिस मैनेजमेंट की बैठक होगी।




दे. भास्कर २१/७/२१

# फोरलेन निर्माण की जांच की मांग

रतलाम। पूर्व पार्षद जगदीश अकोदिया ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। इसमें [illegible]

# अधिकारियों को कलेक्टर ने दी अंतिम चेतावनी, बोले : व्यवस्था नहीं सुधरी तो होगी कार्रवाई



रतलाम । शहर में विगत कुछ दिनों से जल प्रदाय में परिलक्षित बाधा एवं व्यवस्था में सुधार के दृष्टिगत कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने एक विशेष बैठक नगर निगम तथा विद्युत वितरण कंपनी के साथ आयोजित की।

## ▸ जलापूर्ति के लिए निगम का अमला 24 घंटे काम करें

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शहर में सुचारू जल प्रदाय व्यवस्था के लिए नगर निगम का अमला 24 घंटे कार्य करें, लोगों की समस्या शिकायत सुने। कलेक्टर ने चेतावनी दी कि यह बैठक अंतिम बैठक है यदि जल प्रदाय व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो फिर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। बैठक में निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री सुरेश वर्मा, नगर निगम के प्रभारी कार्यपालन यंत्री मोहम्मद हनीफ शेख, सहायक यंत्री जेएस आचार्य आदि उपस्थित थे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सुचारू जल प्रदाय के लिए शिकायत एवं समस्याओं की जानकारी तथा उनके निराकरण हेतु कॉल सेंटर स्थापित किया जाए। निगम का अमला सतत मॉनिटरिंग करते हुए प्रतिदिन देखें कि शहर की कौन सी टंकी में जलभराव किया गया है और कौन सी टंकी में पानी नहीं पहुंचा और क्यों नहीं पहुंचा। इस बाबत प्रभारी कार्यपालन यंत्री श्री शेख को निर्देशित किया। सुचारू व्यवस्था के दृष्टिगत कलेक्टर द्वारा दो उपयंत्रियों भैयालाल चौधरी, सुहास पांडे को वैक्सीनेशन ड्यूटी से भी मुक्त कर दिया गया।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि निगम की जल वितरण व्यवस्था ठीक नहीं है उसको सुधारने के लिए प्लान करें। सिस्टम की खामियों को दूर करें प्रयास किया जाए कि लीकेजेस नहीं हो। बताया गया कि अभी 20-25 लीकेज प्रतिदिन सुधारा जा रहे हैं। कलेक्टर ने यह भी पूछा कि गंदा पानी क्यों आ रहा है, ड्रेनेज सिस्टम में गंदे जल के भराव को रोकने के इंतजाम किए जाएं। सतत जलापूर्ति के लिए बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु अधीक्षण यंत्री विद्युत को निर्देशित किया कि तीन-चार दिनों में जो भी मेंटेनेंस अथवा अन्य कार्य है उनको पूर्ण किया जाए। बैठक में बताया गया कि नगर निगम के मोरवानी फिल्टर प्लांट की व्यवस्था को सुधारना आवश्यक है।

विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री द्वारा बताया गया कि मोरवानी में 2 वैक्यूम सर्किट ब्रेकर बदले जाना है जिसकी वजह से निर्बाध विद्युत आपूर्ति धोलावाड़ तक संभव हो सकेगी। अभी मोरवानी में वेक्यूम सर्किट ब्रेकर पुराने हो जाने के कारण कोई भी फाल्ट आने पर धोलावाड़ तक विद्युत समस्या आती है जिसके निराकरण के लिए नवीन वेक्यूम सर्किट ब्रेकर लगाए जाएं। कलेक्टर द्वारा निगमायुक्त को तत्काल नवीन सर्किट ब्रेकर क्रय करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने अधीक्षण यंत्री से कहा कि विगत 14 जून से लेकर 18 जुलाई तक 18 बार विद्युत ट्रिपिंग देखने में आई है। अधीक्षण यंत्री उक्त समस्या का तत्काल निराकरण करें ताकि जल आपूर्ति में बाधा नहीं आए।

नवभारत

नवभारत 21/7/21

**ईदुज्जुहा आज** • कोरोना महामारी के खात्मे के लिए की जाएगी दुआ

# लगातार दूसरे साल घर में ही रहकर पर्व मनाएंगे मुस्लिम समाजजन

भास्कर संवाददाता | रतलाम

मुस्लिम समाज द्वारा बुधवार को परंपरागत तरीके से ईदुज्जुहा पर्व मनाया जाएगा। कोरोना महामारी के चलते दूसरे साल भी ईदुज्जुहा की नमाज ईदगाहों में नहीं होगी। महामारी को देखते हुए शासन की गाइडलाइन का पालन करते हुए समाजजनों ने सारे कार्यक्रम निरस्त कर दिए हैं।

कोरोना महामारी के चलते लगातार दूसरे साल भी ईदगाह में नमाज अदा नहीं की जाएगी। कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए शहर की सभी मसजिदों में सुबह 9 बजे नमाज अदा की जाएगी। कोरोना के चलते ईद पर होने वाले सभी कार्यक्रम और ईद मिलन समारोह निरस्त रहेंगे। चीफ काजी सैयद आसिफ अली ने बताया कि यह दूसरी बार ऐसा हो रहा है की ईदगाहों में ईद की नमाज अदा नहीं की जा रही है। इससे पहले लगभग 100 साल पूर्व 1919 और 20 में भी कालाजर बुखार की महामारी फैली थी जिसके चलते ईद की नमाज ईदगाह में निरस्त रही थी और इस बार भी लगातार दूसरे साल ईद उल फितर और ईदुज्जुहा की नमाज ईदगाह में अदा नहीं की जा सकी है। समाजजन अपने घरों में रहकर ही ईद की बधाई मोबाइल द्वारा एक दूसरे को देंगे और सामाजिक दूरी बनाए रखेंगे। नमाज के बाद कोरोना के खात्मे में के लिए पूरे जिले में और देश में दुआ की जाएगी।

## पशु हाट में इस बार 40 हजार रुपए तक के बकरे बिके

बिरियाखेड़ी में लगे पशु हाट में कुर्बानी के लिए 20 से 40 हजार रुपए तक के बकरों की बिक्री हुई। यहां लगे हाट बाजार में इंदौर, उज्जैन, भोपाल, देवास सहित अन्य जिलों से व्यापारी बकरे बेचने आए थे। ईद के चलते बकरों के भावों में इस बार ज्यादा वृद्धि देखी गई। इस बार महंगाई का असर मवेशियों की कीमतों पर देखने को मिला। आम दिनों में जो बकरे 10 से 15 हजार रुपए की कीमत रखते थे वे 20 से 30 हजार रुपए तक पहुंच गए थे। देवास जिले के व्यापारी मोहनलाल ने बताया कि वह पिछले 5 सालों से बकरों का व्यापार कर रहा है। विशेष कर ईद के लिए ही बकरे पालता है। उन्होंने बताया कि महंगाई के कारण बकरों की खुराक पर काफी खर्च करना पड़ा है। जिस कारण बकरों के भाव में 5 से 10 हजार रुपए की वृद्धि हुई है। अच्छे मूल्य मिलने से बकरी पालन के व्यवसाय में लगे व्यापारियों में उत्साह देखा गया।

भास्कर

दै. भास्कर 21/7/21

कलेक्टर ने नगर निगम और बिजली कंपनी अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश

# जल वितरण व्यवस्था सुधारने के लिए 24 घंटे काम करे अमला

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर में करीब 15 दिनों से बिगड़ी जलवितरण व्यवस्था में सुधार के लिए मंगलवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने नगर निगम तथा विद्युत वितरण कंपनी के अमले के साथ विशेष बैठक की। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि नगर निगम का अमला 24 घंटे काम करते हुए जल वितरण व्यवस्था को सुधारे, लोगों की समस्या शिकायत सुने।

कलेक्टर ने चेतावनी दी कि यह अंतिम बैठक है यदि सुधार नहीं किया गया तो फिर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। सुधार के लिए कलेक्टर ने निगम के दो उपयंत्रियों भैयालाल चौधरी, सुहास पांडे को वैक्सीनेशन ड्यूटी से भी मुक्त कर दिया।

बैठक में निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री सुरेश वर्मा, नगर निगम के प्रभारी कार्यपालन यंत्री मोहम्मद हनीफ शेख, सहायक यंत्री सत्यप्रकाश आचार्य आदि उपस्थित थे।



नगर निगम अधिकारियों से चर्चा करते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम। ●नईदुनिया

## पूर्व पार्षद ने कलेक्टर को बताई समस्याएं

जल वितरण को लेकर हो रही परेशानियों से पूर्व पार्षद पवन सोमानी ने कलेक्टर को पत्र सौंपकर अवगत कराया। सोमानी ने बताया कि वर्तमान में तीन से चार दिन में पानी मिल रहा है। पूर्व में पाइपलाइन लीकेज सुधार का कार्य शुरू किया गया था जो अब बंद कर दिया गया है। वार्ड 9, 10, 11 में पहले 45 मिनट जल वितरण किया जाता था, जो अब 25 मिनट कर दिया गया है। करोड़ो रुपये खर्च करने के बाद भी पेजयल व्यवस्था प्रभावित होना कई सवाल खड़े कर रहा है।

## गाइडलाइन

### नगर निगम

- जल प्रदाय से संबंधित शिकायत एवं समस्याओं की जानकारी तथा उनके निराकरण के लिए काल सेंटर स्थापित किया जाए।
- निगम अमला सतत मानीटरिंग करते हुए प्रतिदिन देखें कि कौन सी टंकी में जलभराव किया गया, कौन सी टंकी में पानी नहीं पहुंचा और क्यों नहीं पहुंचा।
- पाइपलाइन में लीकेज नहीं होना चाहिए। बताया गया कि अभी 20-25 लीकेज प्रतिदिन सुधारे जा रहे हैं।

### बिजली कंपनी

- सतत जलापूर्ति के लिए बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित कर तीन-चार दिनों में मेंटेनेंस पूरा किया जाए।
- नगर निगम के धोलावाड़ फिल्टर प्लांट में दो वैक्यूम सर्किट ब्रेकर पुराने हो जाने के कारण फाल्ट आने पर धोलावाड़ तक विद्युत समस्या की जानकारी पर निराकरण के लिए निगमायुक्त को तत्काल नवीन वैक्यूम सर्किट ब्रेकर क्रय करने के निर्देश दिए गए।

नईदुनिया 21/7/21